Â

Re: Repair and four laning of Ankleshwar road to Maharashtra border and bringing it under the control of NHAI ? laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): भारत में इससे पहले इतनी तेजी से सड़कों का निर्माण कभी नहीं हुआ था यह विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते भारत के उज्जवल भविष्य और मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गुजरात मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में अंकलेश्वर और दहेज से लेकर महाराष्ट्र बॉर्डर तक सड़क की हालत अत्यंत खराब है। अंकलेश्वर से नए तरंग का रोड राज्य सरकार के नियंत्रण में है और नेत्र अंग से महाराष्ट्र बॉर्डर तक का हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत आता है। अंकलेश्वर और दहेज प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्र हैं जिसके चलते महाराष्ट्र के नंदूरबार तक के लोगों का आवागमन इस मार्ग पर होता है व्यवसाय तथा रोजगार के लिए अंकलेश्वर आने वाले लोगों का उपरोक्त मार्ग पर निरंतर आवागमन होने के साथ ही ट्रकों द्वारा माल ढुलाई का कार्य भी इसी मार्ग से होता है इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने तथा सड़क के टूटी होने के कारण अक्सर वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं तथा इसके चलते कई समस्याएं रहती है। इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि अंकलेश्वर से महाराष्ट्र बॉर्डर तक के इस पूरे रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नियंत्रण में लेकर तत्काल इसकी मरम्मत की जाए और शीघ्र ही इस रोड को फोरलेन में तब्दील किया जाए।